Newsitem Regarding slowdown in Exports

1849. SHRI SANJAY NIRUPAM: Will the Minister of FINANCE be pleased to state:

(a) whether Government's attention has been drawn to a news-item captioned 'Finance Ministry blamed for export slowdown which appeared in the Hindustan Times dated 21st November, 1996; if so, the details thereof; and

(b) what immediate steps Government would take to settle the complaint the Commerce Ministry has registered for problems confronting export sector due to Finance Ministry's policies?

THE MINISTER OF FINANCE (SHRI P. CHIDAMBARAM): (a) Yes, Sir Details are available in the news report.

(b) The Government keeps the relevant policies and procedures under constant review so as to expedite exports and provide all possible encouragement and support to the national export effort.

Under Minimum Alternate Tax (MAT), the maximum tax payable by a corporate exporter is 12.9% of book profits. In the case of non-corporates on an exporter who has domestic sales of 30% or more of the total turnover, no tax under MAT is payable. MAT does not effect the export turnover.

In so far as Rupee export credit is concerned, exporters are given concessional interest rates of 13% and, effective 21st October, 1996, a rate of 15% for post-shipment Rupee credit for the period beyond 90 days and upto 6 months. With the introduction of export credit in foreign currency both at the pre-shipment stage (PCFC Scheme) and at the post shipments stage (Export Bills rediscounting Scheme), export credit is available at internationally competitive rates of interest directly linked to LIBOR.

Exporters also have the option to choose either the Rupee route or the foreign currency route.

भारतीय यूनिट ट्रस्ट के निवेशों में भारतीय रिजर्व बैंक का हस्तक्षेप

1850. **श्री चीमन भाई हरीभाई शुक्ला:** क्या वित्त मंत्री 23 जुलाई 1996 को राज्य सभा में तारांकित प्रश्न 198 के दिए गए उत्तर को देखेंगे और यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या भारतीय रिजर्व बैंक का भारतीय यूनिट ट्रस्ट के निवेशों में कोई प्रत्यक्ष हस्तक्षेप है; और

(ख) भारतीय यूनिट ट्रस्ट द्वारा औद्योगिक घरानों की किन-किन योजनाओं और परियोजनाओं के लिए निवेश किया गया है?

वित्त मंत्री (श्री पी० चिदम्बरम): (क) भारतीय रिजर्व बैंक (आर० बी० आई०) और भारतीय यूनिट ट्रस्ट (यू० टी० आई०) द्वारा प्रस्तुत सूचना के अनुसार भारतीय यूनिट ट्रस्ट के निवेश संबंधी निर्णयों में भारतीय रिजर्व बैंक का कोई प्रत्यक्ष हस्तक्षेप नहीं है।

(ख) भारतीय यूनिट ट्रस्ट प्राथमिक और गौण, दोनों, बाजारों की कम्पनियों के शेयरों और ऋण पत्रों में निवेश करता है और इसने 1900 से भी अधिक कम्पनियों में निवेश किया है। भारतीय यूनिट ट्रस्ट आंशिक वित्त व्यवस्था, सामान्य पूंजीगत व्यय, नई परियोजनाओं, विस्तार/आधुनिकीकरण कार्यक्रमों और कार्यशील पूंजी की दीर्घावधिक जरूरतों को पूरा करने के लिए कम्पनियों द्वारा जारी किए गए सार्वजनिक निर्गमों में निवेश करता रहा है।

चिकित्सा विशेषज्ञों द्वारा परिवार नियोजन कार्यक्रम में विदेशी एजेंसियों की भागीदारी पर चिंता व्यक्त किया जाना

1851. **श्री अजीत जोगी:** क्या **स्वास्थ्य और परिवार कल्याण** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या कुछ विदेशी एजेंसियों को हमारे परिवार नियोजन कार्यक्रमों में हिस्सा लेने की अनुमति दी गई है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या भारतीय चिकित्सा विशेषज्ञों ने सरकार के इस निर्णय पर चिंता व्यक्त की है;

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ङ) सरकार की इस पर क्या प्रतिक्रिया है?